**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

**दिनांक 28.05.2020**

**नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,**

- **शासन के नोडल अधिकारी श्री अनिल कुमार द्वारा आज दिनांक 28.05.2020 को निगरानी समिति (आशाओं एवं सुपरवाइजरों) के कार्यो की समीक्षा बैठक की गई।**

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा हैं नालो एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य ।**

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत रोस्टर के अनुसार सैनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोविड–19 कोरोना वायरस के संक्रमण के बचाव के लिये नगर निगम द्वारा शहर प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेंशन तथा फागिंग का कार्य कराया जा रहा है।**

- **नगर निगम की सेवायें या अन्य किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिये 24 घन्टे कन्ट्रोल रूम के फोन नं0 05842–225437 तथा 7355338008 पर करें फोन।**

1– शासनादेश के अनुपालन में अन्य राज्य/जनपदों से आये एवं होम क्वारंटाइन में रह रहे प्रवासी व्यक्तियों के स्वास्थ्य के निगरानी हेतु मोहल्ला निगरानी समितियों का गठन किया गया है। शासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी श्री अनिल कुमार द्वारा नगर निगम,कार्यालय में निगरानी समितियों में शामिल आशा वर्कर एवं सुपरवाईजरों के कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में रेन्डम आधार पर मोहल्ला निगरानी समितियों में शामिल आशा कार्यकत्रियो को बुलाया गया था। इस बैठक में आशा कार्यकत्रियों के साथ–साथ मोहल्ला निगरानी के जोनल अधिकारी भी उपस्थित थे। नोडल अधिकारी महोदय द्वारा निगरानी समितियों द्वारा तैयार किये गये रजिस्टर का अवलोकन किया गया तथा उनके द्वारा किये गये कार्यो की जानकारी ली गई। सभी आशा कार्यकत्रियो द्वारा होम क्वारंटाइन में रह रहे लोगो के सम्बन्ध में शासन द्वारा दिये गये सभी निर्देशों का सम्यक अनुपालन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी द्वारा मोहल्ला निगरानी समिति के कार्यो को संतोषजनक पाया साथ ही निर्देशित किया गया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। वर्तमान समय में कोविड– 19 के संक्रमण के विस्तार को रोकने के लिये मोहल्ला निगरानी समिति का अत्यन्त महत्वपूर्ण दायित्व है। नोडल अधिकारी द्वारा आशा कार्यकत्रियो को निर्देशित किया गया कि होम क्वारंटाइन में रह रहे लोगों के स्वास्थ्य का नियमित रूप से 03 दिवस पर अनुश्रवण करने तथा प्रत्येक व्यक्ति के सम्बन्ध में अपेक्षित सूचना का संकलन अनिवार्य रूप से अपनी पंजिका में करें तथा उसकी सूचना सम्बन्धित अधिकारी को प्रेषित करें। इस अवसर पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी लोग अपना कार्य ईमानदारी एवं लगन से करें तथा होम क्वारंटाइन रह रहे प्रवासी व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जानकारी करते रहे एवं होम क्वारंटाइन में रह रहे व्यक्तियो का नाम, पता, मोबाईल नं0, किस राज्य, जनपद, तहसील, मोहल्ले से आये है एवं बैंक पास बुक सम्बन्धित की जानकारी कर अपने जोनल अधिकारी को अवगत कराये। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा कोराना कोविड–19 के चलते बैठक में उपस्थित सभी लोगो से फेस मास्क, हैण्ड सेनेटाइजर का प्रयोग, हैण्डवॉश एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन अवश्य करते रहे तथा सभी लोगो से "आरोग्य सेतु ऐप" एवं "आयुष कवच ऐप" डाउनलोड करने की अपील की गई। बैठक में सहायक नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, ऐडीशनल सी0एम0ओ0 डॉ0 शैलेन्द्र कुमार, समस्त सफाई एवं खादय निरीक्षक, सफाई नायक, सहायक सफाई नायक एवं आशा वर्कर उपस्थित रहें।

क्रमश..............................(2)

Generated by CamScanner

2–नगर आयुक्त महोदय निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई कार्य युद्धस्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। आज सफाई जोन–1 इन्दिरा नगर कालोनी में अवस्थी जी के घर के पास तथा अशफाक नगर चौकी से सुजात खॉ ठेकी पुलिया तक एवं शब्बन की ठेकी से ढ़ाका तालाब तक नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में डी0एस0 प्रिन्टर्स के आगे पुलिया तक बने नाले की सफाई एवं बी0एस0ए0 ऑफिस के पास तथा जेल रोड पर फायर बिग्रेड के पास से रेलवे लाइन तक एवं तारीन बहादुरगंज में होली मंगली स्थान से इमली चौराहे तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 बेरी चौकी के पास बने नाले की सफाई एवं बंकाघाट से हनुमतधाम मन्दिर के पास बने डीप ड्रेन नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में नवादा बच्चा जेल के आगे एवं मो0 वाकरजई में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के मो0 रोशनगंज में मनीष पत्रकार के घर के पास बने नाले की सफाई का कार्य कराया गया तथा सफाई जोन–रौजा के आदर्श नगर कालोनी में बल्लिया स्कूल के आगे छोटे/डीप ड्रेन नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों में (डीप ड्रेन) छोटे नालो की सफाई भी कराई जा रही है। नगर आयुक्त महोदय ने कोरोना कोविड–19 के चलते सभी नालों एवं छोटे नालो की सफाई का कार्य यथाशीघ्र कराया जाये। नगर आयुक्त महोदय ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि नालो की सफाई तलीझाड़ होना चाहिये और जो नाले से मलबा निकले उसे उठवा कर उसका तत्काल निस्तारण भी कराया जा रहा है। जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाई न उत्पन्न हो।

3– नगर आयुक्त महोदय के **निर्देशानुसार आज दिनांक 28.05.2020 को सेनेटाइजेंशन का कार्य**– हयातपुरा,बाबूजई, गौहरपुरा, मोहम्मद जई, हनमुतधाम मन्दिर, रैना बाग कालोनी,छः कुऑ से हनुमतधाम मन्दिर तक मिशन फील्ड,अहमदपुर रेती,रैन बसेरा,रेयान स्कूल,चार खम्बा से चौक तक,जेल में,कचहरी, जज साहब का बंगला, दुर्घटना न्यायालय,किशोर न्यायालय,खिरनीबाग सराय, सेठ इन्क्लेव, **फागिंग का कार्य**– अहमदपुर रेती,मुमुक्षु आश्रम,बी0एस0 पब्लिक स्कूल,पालिटेक्निक कालेज, रैन बसेरा, रंगीन चौपाल,चौक आला खॉ,आर0टी0ओ0 आफिस वाली गली,दिलाजाक, आफीसर्स कालोनी,आदि में कराया गया।

**कल दिनांक 29.05.2020 रोस्टर के अनुसार** निसरजई,महमंद जलालनगर,सुभाषनगर,प्रोफेसर कालोनी, झण्डाकलां, ताजूखेल, काजीखेल, मुल्लाखेल, कटियाटोला, बाडूजई प्रथम, तारीन टिकली, तारीन,चौक आला खॉ,अन्टा,बाबूजई,मोहम्मदजई,बक्सरियॉ, कूचा लाला, मस्जिदगंज, आफरीदी, मुजफ्फरगंज, वजीरगंज, दलेलगंज, अहमदपुर नियाजपुर,आई0टी0आई0 मण्डी समिति में कराया जायेगा।

4–नगर निगम द्वारा कन्ट्रोल रूम टेलीफोन नं0 5842–225437 तथा 7355338008 पर नगरवासियों द्वारा अपनी समस्यायें दर्ज कराई जा रही है। जिनका तत्काल निस्तारण कराया जा रहा है। अब तक कुल 814 व्यक्तियों द्वारा कन्ट्रोल रूम के माध्यम से अपनी समस्यायें दर्ज कराई गई है। जिसमें 762 शिकायतो का निस्तारण हो गया। शेष 52 की कार्यवाही की जा रही है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा प्रतिदिन शिकायतों की समीक्षा, अनुवश्रण तथा नगरवासियो से फीडवैक भी प्राप्त किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगरवासियों से अपील की गई कि घर के अंदर सुरक्षित रहते हुये नगर निगम से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान के लिये इस सुविधा लाभ उठायें।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।
28/5/2020

Generated by CamScanner